# 5

# पशु और पक्षियों का चित्रण

## लक्ष्य

हमारे चारों ओर विभिन्न जातियों के जानवरों की दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त करना और उनके विभिन्न स्वरूपों, रंगों, बनावटों और संचलन के बारे में जानना।

## भूमिका

यह ड्राइंग और पेंटिंग की बहुत चुनौतीपूर्ण और उत्साहपूर्ण सीखने की प्रक्रिया है। हमारी दुनिया में विभिन्न जातियों और प्रजातियों के पशु–पक्षी हैं। प्रत्येक की अपनी विशेषता, स्वरूप, रंग, चाल और गतिविधियां हैं। मांसपेशीय संरचना के कारण ताकतवर पशु जैसे शेर, हाथी, घोड़े, आदि का चित्रण बड़ा दिलचस्प है। इसके विपरीत पक्षी हल्की शरीर संरचना के होते हैं और रंग–बिरंगे होते हैं। पशु और पक्षियों का चित्रण शिक्षार्थी को रंग, पेन, स्याही और पेंसिलों के विभिन्न प्रयोगों को समझने में मदद करेगा। उदाहरण के लिए, भारी–भरकम पशुओं के चित्रण के लिए मोटी और सुस्पष्ट रेखाओं और रंगों के प्रयोग की जरूरत होगी जबकि पक्षियों के सुंदर और मोहक चित्रण के लिए कोमल रेखाओं और आकर्षक रंगों की आवश्यकता होगी। पेंटिंग और ड्राइंग करते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि मानव–आकृतियों की बनावट पूर्णतया अनुलंब (vertical) होती है जबकि पशु और पक्षियों की बनावट साधारणतया अनुलंब और क्षैतिज स्वरूपों का मिश्रण होती है।

## उद्देश्य

इस प्रयोगात्मक अभ्यास के बाद, आपः

- हमारे चारों ओर विभिन्न प्रकार के पशु–पक्षियों का चित्रण कर सकेंगे;
- विभिन्न प्रकार के पशु–पक्षियों के स्वरूपों, रंगों, बनावटों और उनके संचलन की पहचान कर सकेंगे; और
- पशु–पक्षियों की आनुपातिक रूप से ड्राइंग और उनकी पेंटिंग कर सकेंगे।

पशुओं की ड्राइंग करने में पूर्ण रूप से ड्राइंग कौशल के उपयोग की जरूरत होती है क्योंकि उनके शरीर की विभिन्न बनावटें होती हैं जैसे सींघ, लोमचर्म (छोटे कोमल बाल), पर, आदि। ऐसे पशुओं को चुनिए जिनके बारे में आपने जानकारी प्राप्त कर ली है जैसे


घोड़ा, गाय, कुत्ता, बिल्ली और विभिन्न प्रकार की चिड़ियाएं, आदि।

जीवित पक्षी की ड्राइंग बहुत कठिन है क्योंकि वे लगातार हिलते–डुलते और गतिशील होते हैं। अच्छा है कि आप अपने पालतू पक्षी को प्रयोग में लाएं या अपनी इच्छा के अनुसार पक्षियों के फोटोग्राफ का प्रयोग करें।

एक सामान्य पक्षी को चुनें और ज्यामितीय आकारों के साथ उसकी मूल संरचना का ड्राइंग करें।

**कदम-I**

- एक संरचना को बनाने के लिए व त्तों और अंडाकार स्वरूपों को व्यवस्थित करें।



चित्र सं. 1

**कदम - II**

- इस संरचना के ऊपर बाहरी रेखाएं खींचें और पक्षी का स्वरूप लाएं।




चित्र सं. 2

- काले ज़ेल पेन से बालों, पर, आदि की टेक्सचर देने के लिए रेखाच्छायाओं का प्रयोग करें।

**कदम-III**

- बत्तख धीरे  तरह इसका आधारभूत
- अंडाकार स्वरूपों को सिर, गर्दन और धड़ बनाने के लिए व्यवस्थित करें।


**कदम-I**



चित्र सं. 4

- बाहरी रेखाओं को खींचें। चित्र सं. 1 के स्वरूप से इन स्वरूपों की क्रम–व्यवस्था में अंतर जानें।


**कदम-II**



चित्र सं. 5

- ड्राइंग को पूरा करने के लिए हरी, लाल, नीली, पीली और भूरी रंगीन पेंसिलों का प्रयोग करें


**कदम-III**



चित्र स. 6

- हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर संसार के सबसे रंगीन पक्षियों में एक है। गर्दन को छोड़कर जिसमें लंबी–तिरछी रेखाएं हैं, शरीर के लिए उन्हीं अंडाकार स्वरूपों का प्रयोग करें।

**कदम-I**



चित्र सं. 7

- जैसा यहां दिखाया गया है, बाहरी रेखाएं खींचें।

**कदम-II**




चित्र सं.





- मोर को पेस्टल रंगों (हल्का नीला, गहरा नीला, पीला और भूरा) से रंगें। आपने बहुत–सी मुर्गियों को देखा होगा। उनमें कुछ बहुत रंगीन हैं। इनमें से एक मुर्गी को चुनें।

**कदम-III**



चित्र सं. 9

- इसके शरीर के सभी भागों को अंडाकार स्वरूप दें। धड़ का भी वही स्वरूप होगा लेकिन पिछला हिस्सा थोड़ा फ्लैट है।


**कदम-I**



चित्र सं. 10

- सामने ऊपर के पांव को छोड़कर बाहरी रेखाएं खींचे।

**कदम-II**



चित्र सं. 11



टिप्पणी



- आप पोस्टर रंगों का प्रयोग कर सकते हैं (लाल, क्रीम, पीला और सफेद)। पहले लाल रंग से सारे शरीर को ढकें। इसे पूरी तरह सूखने दें। अब शरीर की बनावट के लिए हल्के स्पर्श के साथ गाढ़े क्रीम, पीले और सफेद रंगों का प्रयोग करें। इसमें कुछ स्थानों पर छाया के लिए जली हुई गैरिक मिट्टी (Sienna) का प्रयोग करें। पावों को पीला रंग दें।


**कदम-III**



चित्र सं. 12

- किंगफिशर पक्षी को देखें। अनुपात में इसका सिर बड़ा और चोंच लंबी है।
- इसके शरीर, सिर और पूंछ के लिए अंडाकार स्वरूपों का प्रयोग करें। चोंच के लिए दो त्रिकोण बनाएं और शरीर और पूंछ में खाली स्थान रखें।


**कदम-I**



चित्र सं. 13

**कदम-II**

- बाहरी रेखाएं खींचें और पक्षी के विभिन्न स्वरूपों को बिंदु–रेखाओं से बनाएं।



चित्र सं. 14






**कदम-III**

- स्वचछ नीला, लमन पीला, लाल और काला जल–रंगों से इसे रंगें।



चित्र सं. 15

- पशुओं में कुत्ते घर या गली में अधिक देखे जाते हैं।
- रेखाओं द्वारा कुत्ते का स्केच बनाएं।




चित्र सं. 16

- प्रकाश और छाया के साथ इसका ड्राइंग पूरा करने के लिए काले जेल पेन से रेखा–छाया का प्रयोग करें।




चित्र नं. 17

- हाथी आकार में बहुत भारी जानवरों में से एक है। इसका मूल ढांचा गोलाकार है।
- धड़ और सिर को गोलों/व त्तों में खींचें। चार पांवों और सूंड को जोड़ें।



चित्र सं. 18

- ड्राइंग को तैलीय पेस्टल रंगों से रंगें। शरीर के विभिन्न भागों पर छाया दें।



चित्र नं. 19

- जिराफ़ के शरीर में सुंदर बनावट/पैटर्न को नोट करें। 2बी पेंसिल से इस पशु की संपूर्ण बनावट को रूप दें।



चित्र सं. 20





- बाघ (Tiger) रंगों और शक्ति का एक बेहतरीन मिश्रण है। नींबू, पीला, भूरा और क्रिमसन जल–रंगों का प्रयोग करें। सफेद क्षेत्रों के लिए पेपर में खाली स्थान छोड़ना न भूलें।



चित्र सं. 21

## अभ्यास

1. व त्तों/गोलों और अंडाकार आकारों का प्रयोग कर बिल्ली के ढांचे को ड्रा करें।
2. छाया के लिए पेस्टल रंगों या रंगीन पेंसिल का प्रयोग करें।
3. कौवा, तोता और मुर्गी जैसे पक्षियों के मूल आकारों को ध्यान से देखें। बाहरी रेखाओं से इन आकारों को बनाएं और पोस्टर रंग भरें।
4. गाय, तोता, कुत्ता, आदि पशुओं और पक्षियों में से किसी एक का रंग–संयोजन करें।
5. किसी पशु अथवा पक्षी के मास्टर पेंटिंग की कापी करें।

कदम–I



कदम–II



बाबून (जलरंग)
— रामकिंकर बैज